प्रादेशिक समाचार

06.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक 10 जुलाई को रांची में, कई राज्यों के मुख्यमंत्री होंगे शामिल, 20 एजेंडों पर होगी विशेष चर्चा।

2. ईडी ने 730 करोड रुपए के जीएसटी घोटाले में सभी आरोपियों के खिलाफ पीएमएलए कोर्ट में दाखिल किया चार्ज शीट।

3. राज्य भर में आज पूरी अकीदत के साथ मनाया जा रहा मोहर्रम का त्यौहार, इमाम हुसैन और उनके साथियों की कुर्बानी को कर रहे हैं याद, जुलूस को लेकर सुरक्षा के हैं कड़े इंतजाम।

4. मौसम विभाग ने रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज भी भारी बारिश और वज्रपात का जारी किया अलर्ट, प्रदेश में 1 जून से अब तक सामान्य से 75 प्रतिशत ज्यादा बारिश रिकॉर्ड।

5. रांची में आयोजित हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप के तीसरे दिन पुडुचेरी और उत्तराखंड ने जीते अपने–अपने मैच, आज होंगे पांच मुकाबले।

********************

पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक 10 जुलाई को रांची में होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में कई राज्यों के मुख्यमंत्री और वरीय अधिकारी शामिल होंगे। इस मौके पर वर्ष 2023 में परिषद की 26वीं बैठक में लिए गए निर्णय और उसके एक्शन टेकन रिपोर्ट समेत कई अहम विषयों पर चर्चा होगी। इस बैठक की तैयारियों को लेकर रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने जिला स्तर पर गठित विभिन्न कोषांगों के अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं से जुड़े कार्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

********************

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने सात सौ तीस करोड रुपए के जीएसटी घोटाले में आरोपी शिवकुमार देवड़ा, मोहित देवड़ा अमित गुप्ता और विक्की भालोटिया के खिलाफ पीएमएलए कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। इन सभी पर एक सौ पेंतीस फर्जी कंपनियों के माध्यम से लगभग पांच हज़ार करोड़ रुपये का फर्जी व्यापार दिखाकर यह घोटाला करने का आरोप है। ईडी ने जीएसटी घोटाले को लेकर इस वर्ष 8 मई को रांची, कोलकाता और जमशेदपुर में छापेमारी कर इन आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

********************

राज्य भर में आज पूरी अकीदत के साथ मोहर्रम का त्यौहार मनाया जा रहा है। मुस्लिम धर्मावलंबी इस दिन इमाम हुसैन और उनके साथियों के बलिदान को याद कर रहे हैं। इधर, मोहर्रम जुलूस को लेकर राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। शांति और विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती के साथ लगातार पेट्रोलिंग हो रही है। वहीं, असामाजिक तत्वों के साथ सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जा रही है। राजधानी रांची में मोहर्रम जुलूस को देखते हुए आज सवेरे दस बजे से जुलूस की समाप्ति तक यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

********************

केंद्रीय कानून और संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का आज का झारखंड दौरा स्थगित हो गया है। श्री मेघवाल को रांची आने के बाद धनबाद में आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम में शामिल होना था।

********************

झारखंड प्रदेश कांग्रेस की ओर से 10 जुलाई को सभी विधायकों की बैठक बुलाई गई है। रांची में होने वाली इस बैठक में झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू भी मौजूद रहेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि इस बैठक में पंचायत कांग्रेस के गठन की प्रक्रिया पर विशेष चर्चा होगी।

********************

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने 11 जुलाई से शुरू होने वाले विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला को देखते हुए रांची से भागलपुर के लिए एक विशेष ट्रेन चलाने का आग्रह रेल मंत्री से किया है। उन्होंने कहा कि इससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा मिलेगी।

********************

सीआईडी ने राजधानी रांची के चुटिया स्थित एक मकान में संचालित एक शैक्षणिक संस्थान में छापेमारी कर लगभग एक दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है। नौकरी लगाने का झासा देने और फर्जी ट्रेनिंग सेंटर चलाने की शिकायत मिलने पर इस संस्थान के खिलाफ कार्रवाई की गई। यहां से दो दर्जन से ज्यादा मोबाइल और लैपटॉप सहित कई दस्तावेज मिले हैं जिसकी जांच की रही है।

********************

लातेहार जिला में तीन नए एकलव्य विद्यालय खोले गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा खोले गए इन विद्यालयों में आदिवासी विद्यार्थियों की पढ़ाई के साथ–साथ उनके रहने और भोजन की व्यवस्था निःशुल्क है। आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई ने बताया कि विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से किया गया है।

********************

झारखंड पुलिस मेन्स एसोसिएशन का छठा महाधिवेशन धनबाद में आयो़जित हो रहा है। एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष कर्ण कुमार सिंह ने बताया कि नौ जुलाई तक चलने वाले इस महाधिवेशन में केंद्रीय कमिटी का गठन किया जाएगा।

********************

पाकुड़ जिले में लोगों को डेंगू और चिकनगुनिया से बचाव को लेकर छिड़काव के साथ लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

********************

जामताड़ा जिला पुलिस ने फतेहपुर थाना के मुरीहीड में छापेमारी कर दो साइबर अपराधियों को अपनी गिरफ्त में ले लिया। इनके पास से एक लाख रुपए नकद समेत कई मोबाइल फोन, सिम कार्ड और अन्य सामान जब्त किये गये हैं।

********************

राज्य में मॉनसून की बारिश लगातार जारी है। मौसम विभाग ने राजधानी रांची, लोहरदगा, सरायकेला खरसावां, जमशेदपुर गुमला लोहरदगा खूंटी और सिमडेगा समेत राज्य के कई हिस्सों में आज भारी बारिश के साथ वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बताया कि 10 जुलाई तक बारिश से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। पूरे राज्य में 1 जून से अब तक 404 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 75 प्रतिशत अधिक है।

********************

राजधानी रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेले जा रहे हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के तीसरे दिन कल पुडुचेरी की टीम ने राजस्थान और उत्तराखंड ने दादरा, नागर हवेली एंड दमन दिव पर शानदार जीत दर्ज की। वहीं, आज कुल 5 मैच खेले जाएंगे। पहला मैच सवेरे 6 बजे से असम और तेलंगाना के बीच खेला गया जबकि पौने आठ बजे से जम्मू कश्मीर और गोवा के बीच मैच जारी है।

********************

<u>अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने रामगढ़ में चाल धसने से चार लोगों की मौत और कई घायल होने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है– भगोड़े नीरव मोदी का भाई निहाल अमेरिका में गिरफ्तार।

दैनिक भास्कर लिखता है–हरमू–कांके रोड से जुड़ेगा रातू रोड फ्लाईओवर, बनेंगे दो रैम्प।

हिन्दुस्तान और दैनिग जागरण ने–रांची में चीनी नेटवर्क की मिली भगत से संचालित साइबर गिरोह के खुलासा और सात की गिरफ्तार से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है।

*******समाप्त********